दिनांक 7 सितंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मकान निर्माण के लिए बिल्डिंग मैटेरियल सड़क पर बिखेरा , नाली भी किया जाम , नाली के ऊपर चौकीदार के लिए बना रहा था कमरा, पूरे सड़क पर बहने लगा पानी, निगम ने अतिक्रमण हटाकर सामग्री किया जब्त

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2 शिवाजी चौक के समीप मॉडल टाउन क्षेत्र में एक मकान निर्माण करने वाले व्यक्ति के द्वारा मकान निर्माण करने के लिए सड़क पर बिल्डिंग मैटेरियल बिखेर दिया गया , नाली में 5 मीटर तक मुरूम डालकर पूरे नाली को जाम कर दिया , यही नहीं मकान के सामने घर पर चौकीदार रखने के लिए नाली के ऊपर चौकीदार के लिए कमरा निर्माण भी कर रहा था , जिससे मॉडल टाउन क्षेत्र में नाली से पानी का बहाव पूरी तरह रुक गया , पूरे सड़क पर गंदगी मच गई , लोगों को आवागमन में खासी परेशानी होने लगी , सीवरेज का पानी भी चोक होने की नौबत आ गई, समीपस्थ घरों के टॉयलेट के पानी ऊपर आने लगे! इन सभी की शिकायत निगम से की गई और मामला संज्ञान में आने पर स्पॉट में पहूंचकर निगम ने पूरे बिल्डिंग मटेरियल सामग्री को जब्ती किया तब जाकर नाली की निकासी सुदृढ़ हो पाई और नाली का प्रवाह ठीक हो पाया! बता दें कि शिवाजी चौक के पास दरअसल एक निर्माणकर्ता द्वारा मकान निर्माण किया जा रहा था इस दौरान मकान के निर्माण से संबंधित बिल्डिंग मटेरियल सड़क पर फैला दिया , जब निगम ने सड़क बाधा शुल्क के लिए निर्माणकर्ता के पास अपने निगम कर्मचारी को भेजा तब निर्माणकर्ता ने शुल्क जमा करने से साफ इनकार कर दिया! तब कर्मचारी ने यह समझाइश दी की सामग्री फौरन हटा ले गए परंतु निर्माणकर्ता द्वारा सामग्री नहीं हटाने पर आज नेहरू नगर के जोन आयुक्त मनीष गायकवाड के निर्देश पर तोड़फोड़ दस्ता एवं विशेष दस्ता की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की! उल्लेखनीय है

जनसंपर्क अधिकारी